an>

title: h Need to provide road facilities to villages and hamlets under Dungar Patti Amawara gram panchayat in Sawai Madhopur parliamentary constituency, Rajasthan.

श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया (टोंक-सवाई माधोपुर)ः मेरे संसदीय क्षेत्र के सवाई माधोपुर जिले की बामनवास विधानसभा के ग्राम पंचायत डूंगरपट्टी अमावरा के अंतर्गत 1. कोचर, 2. खाडा, 3. पाडाकेड, 4. श्यामीआडा, 5. डाडा, 6. बाच्छीपांच, गांव और 12 ढाणी आती हैं जहां पर आज भी बिजली, पानी व सड़क की बहुत भारी समस्या है। इन गाँवों की पंचायत समिति तहसील बामनवास है। इन गाँवों के लोगों को अपने ग्राम पंचायत मुख्यालय अमावरा व तहसील बामनवास जाने के लिए लालसोट होकर जाना पड़ता है जिसमें करीब 70 कि.मी. का लंबा चक्कर काटकर जाना पड़ता है। यहां पर एक पहाड़ी है अगर इस पहाड़ी को काटकर इसमें से रास्ता बना दिया जाए तो यह दूरी मात्र 5 किमी. की रह जाएगी।

मेरी मांग है कि इन गांवों के लोगों के लिए पहाड़ी को काटकर सड़क बनाई जाए। इस सड़क मार्ग के बनने से उपरोक्त सभी गांव ग्राम पंचायत अमावरा तहसील व पंचायत समिति बामनवास से जुड़ जाएंगे जिससे इन गांवों के लोगों को अपने दैनिक एवं जरूरी कार्यों को करने में सुविधा मिलेगी।